वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली उत्तराखंड औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय

कृषि-मौसम प्रक्षेत्र इकाई, वानिकी महाविद्यालय

रानीचौरी - 249199 टिहरी गढ़वाल (उत्तराखण्ड)

फोन नंबर: 01376 - 252 150

कृषि-मौसम परामर्श सेवा बुलेटिन, जनपद - टिहरी गढ़वाल

√ उपमहानिदेशक (कृषि मौसम विज्ञान), भारत मौसम विज्ञान विभाग, पुणे
√ कृषि एकांश, आकाशवाणी, नजीबाबाद
√ निदेशक, मौसम केंद्र, देहरादून
√ हेंवलवाणी सामुदायिक रेडियो, चम्बा, टिहरी गढ़वाल

www.imdagrimet.gov.in, www.uuhf.ac.in

वर्ष: 23 अंक: 26 बुलेटिन अवधि:- 03 से 07 अप्रैल, 2019 दिन:- मंगलवार दिनांक :- 02 अप्रैल, 2019

भारत सरकार के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय द्वारा वित्तपोषित मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान आधारित ग्रामीण कृषि मौसम सेवा परियोजना के अंतर्गत मौसम केंद्र, देहरादून से प्राप्त मौसम पूर्वानुमानित आँकड़ों के आधार पर उत्तराखंड के टिहरी जनपद में आगामी पांच दिनों निम्न मौसम रहने की सम्भावना व्यक्त की जाती है:-

मौसम प्राचल	**मौसम पूर्वानुमान अवधि**				
	03-04-2019 (02 अप्रैल सुबह 08:30 बजे से 03 अप्रैल सुबह 08:30 बजे तक)	**04-04-2019** (03 अप्रैल सुबह 08:30 बजे से 04 अप्रैल सुबह 08:30 बजे तक)	**05-04-2019** (04 अप्रैल सुबह 08:30 बजे से 05 अप्रैल सुबह 08:30 बजे तक)	**06-04-2019** (05 अप्रैल सुबह 08:30 बजे से 06 अप्रैल सुबह 08:30 बजे तक)	**07-04-2019** (06 अप्रैल सुबह 08:30 बजे से 07 अप्रैल सुबह 08:30 बजे तक)
वर्षा (मि.मी.)	**0.0**	**0.0**	**0.0**	**3 मिमी. (हल्की)**	**1 मिमी. (बहुत हल्की)**
आसमान में बादल आच्छादन (ओक्टा: 0 से 8) 0 ओक्टा (पूरी तरह से साफ आसमान) 8 ओक्टा (पूरी तरह बादलों से घिरा आसमान)	0 ओक्टा (साफ आसमान)	2 ओक्टा (मुख्यतः साफ आसमान)	2 ओक्टा (मुख्यतः साफ आसमान)	3 ओक्टा (कुछ भाग बादल)	2 ओक्टा (मुख्यतः साफ आसमान)
अधिकतम तापमान (डिग्री सेल्सियस)	22	23	24	25	24
न्यूनतम तापमान (डिग्री सेल्सियस)	8	9	10	11	10
अधिकतम सापेक्षित आर्द्रता (%)	75	75	75	85	85
न्यूनतम सापेक्षित आर्द्रता (%)	35	35	35	45	45
वायु की औसत गति (कि.मी./घंटा)	4	6	4	6	6
वायु की दिशा	दक्षिण-पूर्व	उत्तर-पश्चिम	उत्तर-पश्चिम	दक्षिण-पूर्व	दक्षिण-पूर्व
4 अप्रैल तक साफ मौसम तत्पश्चात मुख्यतः 5 अप्रैल को हल्की बारिश होने का पूर्वानुमान है|					

कृषि मौसम विज्ञान वेधशाला, रानीचौरी, टिहरी गढ़वाल(समुद्रतल से ऊँचाई-1827 मीटर) के प्रेक्षण अनुसार विगत सप्ताह (27 मार्च से 02 अप्रैल 2019 सुबह 08:30 तक); मुख्यतः साफ से कुछ भाग बादल छाए रहने के साथ दिनांक 02 अप्रैल को 0.4 मिमी. वर्षा दर्ज की गई|दिन का अधिकतम तापमान 17.8 से 23.5 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 6.3 से 11.0 डिग्री सेल्सियस रहा|इस दौरान पूर्वाह्न 07:16 बजे सापेक्षित आर्द्रता 41 से 83 प्रतिशत तथा अपराह्न 14:16 बजे को 23 से 65 प्रतिशत के मध्य रही| हवा की औसत गति 3.4 से 4.7 किमी० प्रति घंटा रही|सप्ताह के दौरान हवा मुख्यतः उत्तर-पश्चिम तथा पूर्व दिशा से चली|

सामान्यीकृत अंतर वानस्पतिक सूचनांक (Normalized Difference Vegetation Index) दिनांक 18-24 मार्च, 2019 के आधार पर उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में कृषि ओज की स्थिति औसत (NDVI value 0.25 to 0.4) है|

मानकीकृत वर्षा सूचनांक (SPI_अवधि दिनांक 28 फरवरी से 27 मार्च, 2019) के आधार पर जनपद में हल्के गीले (Mildly **Wet_SPI Value 0.0 to 0.99**) की स्थिति रही|

मौसम आधारित कृषि सलाह

फसल	अवस्था	कृषि मौसम सलाह
आलू, झंगोरा, तोर, (ऊंचाई क्षेत्र_असिंचित)	-	बुवाई कार्य जारी रखें। रोगरोधी व उच्च उत्पादकता वाली प्रजातियों के बीज का प्रयोग करें। बुवाई पूर्व बीज को संस्तुत कीटनाशक व फफूंदनाशक दवा से अवश्य उपचारित करें।
सेब	गुलाबी कली	थावलों से खरपतवार हटा दें। फूल/फल निर्माण की अवस्था पर थावलों में उचित नमी बनाये रखें अन्यथा कम नमी के कारण फूल/फल झड़ने की सम्भावना अधिक रहती है। शीतोष्ण फल उद्यानों में मधुमक्खी बौक्स स्थापित करें।
नाशपाती, आड़ू खुबानी आदि	फल बनना (Fruit setting)	
अखरोट	पत्ती निकलना	
गेंहू	वानस्पतिक बढ़वार/बाली निकलना	तापमान में बढ़ोतरी को ध्यान में रखते हुए उचित नमी बनाये रखें। खरपतवार व अवांछित पौधों को निकाल दें।
प्याज, लहसुन	वानस्पतिक बढ़वार	
सरसों	फली/दाना बनना	सरसों फसल पर माहू कीट का प्रकोप होने पर संस्तुत मात्रा में कीटनाशक का छिडकाव 3-4 अप्रैल/बारिश पूर्व शाम के समय करें।
टमाटर, शिमला मिर्च, बैंगन (घाटी क्षेत्र)	पौध	पौध का प्रत्यारोपण कार्य उचित दूरी पर शाम के समय करें। पौध जड़ को फफूंदनाशक व कीटनाशक से उपचारण पश्चात प्रत्यारोपण करें।
कृषि वानिकी	-	चिनार, पौपलर, सेलेक्स की कलम तैयार करने का उचित समय है।
मशरूम उत्पादन	-	इस मौसम में वातावरण में सापेक्षित आर्द्रता कम है अतः मशरुम उत्पादित कमरों में पानी का छिडकाव कर उचित आर्द्रता बनायें रखें । मशरुम उत्पादन हेतु कमरे को फार्मलीन व कीटनाशक से अच्छी तरह उपचारित करने के बाद मशरुम बैग कमरों में रखें। खिडकियों पर महीन जाली व पॉलिथीन लगाकर रखें जिससे कीट अंदर न आ सके। दिन भर में कुछ समय शुद्ध हवा कमरों में आने दें।
पशुपालन	-	पशुपालन विभाग से सम्पर्क कर गाय-भैंस में खुरपका-मुंहपका रोग से सुरक्षा हेतु टीकाकरण करवाएं। हरा चारा उत्पादन हेतु मक्का, चरी की बुवाई करें।

नोडल अधिकारी
कृषि मौसम प्रक्षेत्र इकाई , रानीचौरी

तकनीकी अधिकारी
कृषि मौसम प्रक्षेत्र इकाई, रानीचौरी

महत्वपूर्ण जानकारी: जनपदस्तरीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान एवं कृषि मौसम सेवा बुलेटिन सप्ताह में मगलवार और शुक्रवार को जारी की जाती है। मौसम पूर्वानुमान व कृषि मौसम सेवा बुलेटिन को ईमेल, व्हट्सएप्प आदि पर निःशुल्क प्राप्त करने व फसल पर बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर फोटोग्राफ को मोबाइल/व्हट्सएप्प नंबर: 9410944889 प्रकाश सिंह नेगी, तकनीकी अधिकारी, ग्रामीण कृषि मौसम सेवाए पर भेजकर वैज्ञानिक सलाह प्राप्त कर सकते हैं, SMS हेतु मौसम विभाग की वेबसाईट पर ऑनलाइन पंजीकरण: http://imdagrimet.gov.in/farmer/Form.php